HINDUSTAN, LUCKOW
Friday, October 05, 2012

टीसीएस 'आईटी विज' नौ को लखनऊ में

लखनऊ | प्रमुख संवाददाता

टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) देश की सबसे बड़ी तकनीकी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता 'टीसीएस आईटी विज' का आयोजन नौ अक्तूबर को इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में करने जा रहा है। इसमें उत्तर प्रदेश के साथ-साथ उत्तराखण्ड के आठवीं से लेकर 12 वीं कक्षा तक के छात्र-छात्राएं भाग ले सकते हैं।

टीसीएस के रीजनल हेड जयन्त कृष्णा ने गुरुवार को प्रेस कान्फ्रेन्स में बताया कि आईटी विज में प्रवेश निःशुल्क है। कोई भी शैक्षिक संस्था (स्कूल) अपनी टीम के साथ भाग ले सकती है। इसमें दो सदस्यों की एक टीम होगी और एक संस्था से अधिकतम 20 टीमें हो सकती हैं। इस साल टीसीएस आईटी विज लखनऊ समेत हैदराबाद, अहमदाबाद, बंगलुरू आदि 14 केन्द्रों पर होगा। क्विज मास्टर गिरी बालासुब्रमण्यम उर्फ पिकब्रेन आईटी विज का संचालन करेंगे। फाइनल मुम्बई में दिसम्बर में होगा।

ऐसे लें हिस्सा

भाग लेने के लिए सम्बन्धित संस्थाओं के माध्यम से छह अक्तूबर तक टीसीएस आईटी विज समन्वयक, टाटा कन्सलटेंसी सर्विसेज, अवध पार्क, विभूति खण्ड गोमती नगर को प्रविष्टि भेज सकते हैं। www.tcsitwiz.com पर रजिस्टर भी कर सकते हैं।